बीमा कंपनी में फर्जीवाड़ा कर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरफ्तार

जनधारा समाचार

राजनांदगांव। गौकरण प्रसाद सहाड़े (कृषि विस्तार अधिकारी) आ. अनुजराम सहाड़े उम्र 42 वर्ष किल्ला वार्ड डोंगरगांव जिला राजनांदगांव के निवासी द्वारा थाना डोंगरगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि विगत 3 वर्षों से भ्रम में डाल कर कराये गये बीमा का बोनस देने के नाम पर लगभग 25 लाख रूपये की धोखाधड़ी की गई जिस पर थाना डोंगरगांव में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रार्थी के रिपोर्ट के मुताबिक आरोपीगण विक्की गोयल आ. मदन लाल गोयल असिस्टेंट वाईस प्रेसिडेंट, अमित यादव आ. शंकर यादव सिनियर मैनेजर इंश्योरेंस ब्रोकर, अश्वनी दहिया आ. हरिओम दहिया असिस्टेंट सेल्स मैनेजर तथा रोहित अरोरा असिस्टिंट टीम-लीडर द्वारा काल कर के बीमा की राशि वापस करने हेतु प्रार्थी गौकरण प्रसाद सहाड़े से भारी-भरकम रकम वसूली कर पैसा वापस न कर धोखाधड़ी किया गया।

कंपनी के मैनेजर, असिस्टेंट मैनेजर सहित 4 आरोपी को दिल्ली से किया गया गिरफ्तार

प्रार्थी के रिपोर्ट के मुताबिक आरोपीगण द्वारा पूर्व में हुये बीमा राशि के रकम को वापस दिलाने का प्रलोभन देकर फर्जी खाते में राशि डलवाकर आहरित कर स्वयं उपभोग किया गया एवं प्रार्थी को किसी प्रकार की कोई राशि प्रदान नही की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन पर उप पुलिस अधीक्षक क्राईम अभिषेक माहेश्वरी के नेतृत्व में क्राईम ब्रांच स्टाफ एवं थाना डोंगरगांव पुलिस की टीम गठित कर आरोपी पतासाजी हेतु टीम दिल्ली रवाना की गई। दिल्ली में आरोपियों के पतासाजी करते हुये उक्त टीम के सदस्यों द्वारा उक्त आरोपीगण को गिरफ्तार कर पूछताछ किया गया जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि श्रीधर इंश्योरेंस ब्रोकर कंपनी लिमिटेड में कार्य करते हुये प्रार्थी को 10 विभिन्न कंपनियों के बीमा पॉलिसि बेची गई। इसी तरह नेट-एम्बिट इंश्योरेंस ब्रोकर लिमिटेड में कार्य करते हुये 2 बीमा पॉलिसी तथा बट इंटरनेशनल ब्रोकर्स लिमिटेड में कार्य करते हुये 3 बीमा पॉलिसी बेची गई। वर्तमान में उपरोक्त आरोपीगण सिग्मा इंश्योरेंस ब्रोकर कंपनी लिमिटेड में कार्यरत थे। उपरोक्त आरोपीगण द्वारा एक टीम बनाकर इंश्योरेंस ब्रोकर्स कंपनी बदलते हुये प्रार्थी गौकरण प्रसाद सहाड़े से लगातार धोखाधड़ी किया जा रहा था। असिस्टेंट वाईस प्रेसिडेंट विक्की गोयल के द्वारा बीमा धारको के नाम पता व मोबाईल नम्बर एवं पूर्व में किये गये बीमा पॉलिसि डाटा उपलब्ध कराई जाती थी जिसके आधार पर टीम हेड व कॉलर टीम के द्वारा अन्य ग्राहकों व प्रार्थी गौकरण प्रसाद सहाड़े से उनके पूर्व में किये गये बीमा पॉलिसियों पर अन्य लुभावनी योजनाओं पर अधिकतम लाभ होने का झांसा देकर अपने द्वारा बताये गये विभिन्न बैंको के फर्जी खातों में पैसा डलवाकर ग्राहकों से धोखाधड़ी किया जाता था ग्राहकों का वेरिफिकेशन अमित यादव सिनियर मैनेजर इंश्योरेंस ब्रोकर द्वारा समय-समय पर किया जाता था। उक्त जानकारी के आधार पर श्रीधर इंश्योरेंस ब्रोकर कंपनी लिमिटेड के पूर्व असिस्टेंट वाईस प्रेसिडेंट विक्की गोयल को साऊथ रोहणी विहार दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। विक्की गोयल द्वारा कंपनी में असिस्टेंट वाईस प्रेसिडेंट के पद पर कार्य करना उसके अधिनस्थ 4 टीम काम करना प्रत्येक टीम में 8-10 सदस्य टीम हेड सहित होना अमित यादव को अपने अधिनस्थ सीनियर मैनेजर के रूप में होना तथा उसके कॉलर टीम में अश्वनी दहिया असिस्टेंट सेल्स मैनेजर तथा रोहित अरोरा असिस्टिंट टीमलीड के रूप में कार्य करना जिन्हे अपने द्वारा पूर्व बीमा धारकों के नाम पता व मोबाईल नम्बर एवं पूर्व में किये गये बीमा पॉलिसि की संपूर्ण जानकारी, बीमा पॉलिसि डाटा उपलब्ध करवाना जिसके आधार पर अमित यादव, अश्वनी दहिया, रोहित अरोरा तथा उसके अधिनस्थ टीम के अन्य लोगों के द्वारा ग्राहकों व प्रार्थी गौकरण प्रसाद सहाड़े से पूर्व में किये गये बीमा पॉलिसि के नाम पर फर्जी खाता में पैसा डलवाकर धोखाधड़ी किया जाता था। आरोपीगण द्वारा फर्जी खाते में डलवाये गये पैसे को आपस में बांट लिया जाता था।आरोपियों से पूछताछ के दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि श्रीधर इंश्योरेंस ब्रोकर कंपनी लिमिटेड, नेटएम्बीट इन्श्योरेंस ब्रोकर तथा बट इंटरनेशन इंश्योरेंस ब्रोकर लिमिटेड में काम करते हुये प्रार्थी गोकरण प्रसाद सहाड़े को 23 विभिन्न बीमा कंपनी की पालिसी बेची गई।

चेंद्री मंदिर से जोरातराई सड़क हेतु 16 करोड़ रूपए मंजूर

राजनांदगांव। चेन्द्री मंदिर (नवागांव कला) से पांडूका, राहूद, धनगाव, बिड़ौरी, मड़ौदा चिंगली, सिंघौरी, भोरमपुरकला व्हाया मेन रोड़ जोरातराई चौक तक खैरागढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष विक्रांत सिंह के निवेदन पर सांसद अभिषेक सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 16 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दिलाई है।

विदित हो कि खैरागढ़ पंचायत अध्यक्ष विक्रांत सिंह के जनपद पंचायत के कार्यकाल में खैरागढ़ विधानसभा में खैरागढ़ से धमधा तक सड़क का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा चेंद्री मंदिर (नवागांव कला) से जोरातराई मार्ग का स्वीकृति मिलना क्षेत्र में बहुत बड़ी उपलब्धि साबित हो रही है, क्योंकि यह बहुत अहम मार्ग है और लगभग 7 मीटर चौड़े सड़क से क्षेत्र में आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।

टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता कल से

राजनांदगांव। खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम सलोनी मे टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम स्थित रानी रश्मिदेवी क्रीडा परिसर में किया गया है। न्यू जनरेशन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का प्रवेश शुल्क एक हजार रूपये निर्धारित है। प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार 15 हजार रूपये निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व सांसद देवव्रत सिंह और समापन जनपद अध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य में होगा। प्रतियोगिता मे प्रवेश की अंतिम तिथि 25 नवंबर निर्धारित है।

हड़ताल से 9 विकासखंडों के शालाओं में ताला बंदी

जनधारा समाचार

राजनांदगांव। शालेय शिक्षा कर्मी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष विष्णु शर्मा ने आगे बताया कि विगत 22 वर्षों से शासन की उपेक्षा के शिकार शिक्षाकर्मियों ने इस बार आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए प्रदेश के सभी संघों को मिलाकर शिक्षक मोर्चा तैयार किये हैं। 2012 के आंदोलन के बाद 5 वर्षों तक राज्य के विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए शिक्षाकर्मियों ने कोई बड़ा आंदोलन नहीं किया। इस अवधि में सभी संघों द्वारा समय-समय पर शासन के अधिकारियों, विभागीय मंत्रियों और प्रदेश के मुख्यमंत्री को अपनी एक ही मांग संविलियन, शासकीयकरण, क्रमोन्नत और सातवां वेतनमान के लिए गुहार लगाई हैं, किन्तु सरकार द्वारा अपने घोषणा पत्र में किये गए वादे और शिक्षा का अधिकार

शासन से संघर्ष के लिए संघों ने बनाया शिक्षक मोर्चा

कानून के परिपालन के अनुरूप आज तक ठोस नीति बनाकर संविलियन और शासकीयकरण की मांग को पूरा नहीं किया गया है, बल्कि शासन, प्रशासन द्वारा कभी देय भत्तों की कटौती, कभी 2 से अधिक बच्चों के नाम पर नौकरी से बर्खास्तगी, कभी प्रशिक्षण के नाम पर कार्यवाही, कभी अतिशेष के नाम पर भयादोहन एक भी पदोन्नति तो कभी अनुकंपा नियुक्ति, कभी वेतन विसंगति,तो कभी सीपीएस कटौती, यहां तक नियमित मासिक वेतन के लिए भी शिक्षक पंचायत संवर्ग लाचार हो गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के साथ कई राज्य के हाईकोर्ट ने समान कार्य हेतु समान वेतन देने के निर्णय दिए है, जिसके पालन में कई संवर्ग के शिक्षक व कर्मचारियों को समान कार्य हेतु समान वेतन दिया जाने लगा है। एछत्तीसगढ़ में भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुवे प्रदेश के समस्त शिक्षक संवर्ग को शासन समान कार्य हेतु समान वेतन दे। सरकार ने लगातार 4 केबिनेट की बैठक में शिक्षाकर्मियों के विषय मे चर्चा की है, किंतु कोई भी निर्णय

जिला भाजपाध्यक्ष ने लिया धान खरीदी केन्द्र का जायजा

जनधारा समाचार

राजनांदगांव। जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, जिला महामंत्री सावन वर्मा एंव

ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लीलाधार साहू, मंडल महामंत्री रोहित चंद्राकार, खेमलाल साहू, बंटी भाटिया, गौरव शर्मा ने भरेंगांव, सोमनी धान खरीदी केन्द्र का जायजा लिया। किसानों चर्चा की किसानों धान खरीदी में हो रही तकलीफों को बताया। श्री अग्रवाल एवं श्री वर्मा ने आपने सामने किसानों का धान नाप तौल भी कराया गया। श्री अग्रवाल ने कहा धान खरीदी केन्द्र में किसानों कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए। किसानों की हितों पूरा ख्याल रखा जाये। जिला भाजपा मिडिया प्रभारी राधेश्याम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की प्रदेश के मुख्यमंत्री डां. रमन सिंह, सांसद अभिषेक सिंह के दिशा निर्देश के बाद सोसयटी में पहुंचाकर किसानों से मेल मुलाकात कर समस्याओं के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों प्रबधंन को दिशा निर्देश दिया और कहा किसानों को खरीदी केन्द्र में कोई भी तकलीफ नहीं होनी चाहिए। किसानों के ऊपज शासन के मंशा अनुरूप खरीदी किया जाये।

मुख्यमंत्री की हालिया घोषणा को मिली मंजूरी

जनधारा समाचार

राजनांदगांव। मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह द्वारा हाल ही में की गई घोषणा पूरी हुई। ग्राम पंचायत रानीतराई एवं ग्राम आलीखूंटा में कुल 15 लाख रुपए की लागत से दो भवन बनेंगे जिसकी स्वीकृति सामान्य प्रशासान विभाग द्वारा दे दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के 14 सितंबर 2017 को प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत रानीतराई एवं ग्राम आलीखूंटा के लोगों ने मुलाकात कर रानीतराई में सर्वधर्म मंगल भवन और आलीखूंटा में मुस्लिम सामाजिक भवन के निर्माण की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा था कि सर्वधर्म मंगल भवन बनने से सभी लोग इसका उपयोग कर सकेंगे और इसका लाभ ज्यादा लोगों को मिलेगा। इसी तरह मुस्लिम सामाजिक भवन के लिए उन्होंने समाज के

रानीतराई में सर्वधर्म मंगल भवन एवं आलीखूंटा में मुस्लिम समाज का भवन बनेगा

प्रतिनिधियों को शीघ्र ही भवन निर्माण शुरू कराने का आश्वासन दिया था। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस घोषणा पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए ग्राम पंचायत रानीतराई में सर्वधर्म मंगल भवन के निर्माण के लिए 10 लाख रुपए और ग्राम आलीखूंटा में मुस्लिम सामाजिक भवन के लिए 5 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के इन ग्रामों में शीघ्र ही निर्माण शुरू हो जाएगा।

सांसद अभिषेक सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की घोषणा को मंजूरी मिलने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि इससे सामाजिक सौहार्दता का वातावरण निर्मित होगा और अनेक गतिविधियों के संचालन हेतु एक भवन उपलब्ध हो जाएगा।

खैरागढ़ महाविद्यालय का रासेयो शिविर माहुद में उद्घटित

जनधारा समाचार

राजनांदगांव। रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ का सात दिवसीय राष्ट्रीय

सेवा योजना शिविर ग्राम राहुद में स्वच्छता के लिए युवा थीम पर आयोजित है। शिविर का उद्घाटन सरपंच द्वारका वर्मा, उप सरपंच चंद्रेश वर्मा, प्राचार्य डीके बेलेन्द्र, महिला कमांडो सीमा वर्मा, छात्रसंघ प्रभारी जेके वैष्णव,प्रो.जितेन्द्र साखरे के आतिथ्य में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। छात्रों द्वारा अतिथियो का स्वागत पश्चात रासेयो गीत की प्रस्तुति हुई। मुख्य अतिथि द्वारका वर्मा ने ग्राम में हुए कार्यो ओडीएफ, साक्षरता सहित विभिन्न कार्यो को बताया। साथ ही रासेयो छात्रों को इस संबंध में ग्राम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रचार प्रसार की बात कही । प्राचार्य डी.के.बैलेन्द्र ने रासेयो-के माध्यम से इसके पूर्व में शिविर के कार्यो का विवरण बताया। साथ ही छात्रो को सात दिवसीय शिविर में होने वाले कार्यो एवं जागरूकता संबंधी बातों को विस्तार पूर्वक बताते हुए दैनिक दिनचर्या समय सारणी के अनुसार पूर्ण दिवस के कार्यक्रम की जानकारी दी। साथ ही स्वच्छ भारत एवं स्वस्थ भारत के साथ नशा मुक्ति एवं वर्तमान के कैशलेश के द्वारा भुगतान संबंधी जानकारी सात दिवसीय शिविर के माध्यम से ग्राम में बताने की बात को रेखांकित किया।

छात्रसंघ प्रभारी जेके वैष्णव ने व्यक्तित्व विकास के लिए रासेयो को आवश्यक बताते हुए इसके उद्देश्य एवं लक्ष्य को देश सेवा में समर्पण की बात कही एवं रासेयो की भूमिका की प्रशंसा की।

अज्ञात युवक का संदिग्ध अवस्था मे मिली शव

राजनांदगांव। 22 नवंबर की सुबह 7 बजे ग्राम हल्दी के पास रामसिंग ठाकुर के बाड़ी के सामने रोड किनारे एक अज्ञात पुरूष जिसका उम्र लगभग 30-35 वर्ष का मृत अवस्था में देखे जाने की सूचना पर थाना लालबाग पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर घटना स्थल निरीक्षण करने शव पंचनामा कार्यवाही पर पाया कि अज्ञात मृतक के सिर में दहीने तरफ दाहिने कान के पास नाक में दोनों आंख के पास व गले में चोट किसी घातक वस्तुओं से आया है। शव निरीक्षण से हत्या करना पाये जाने से थाना लालबाग में मर्ग क्रमांक 121/17 धारा 174 दं.प्र.सं. एवं अपराध क्रमांक 464/17 धारा 302 भादंवि अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पंजीबद्ध किया गया है। अज्ञात मृतक का हुलिया कद करीबन 5 फीट 5 इंच, रंग गोरा, चेहरा गोल, बाल काला छोटा-छोटा सफेद टी-शर्ट जिसमें नीला-लाल-काला पट्टी बना हुआ है। एक नीले रंग का टी सार्ट एवं काले रंग का फुट बांह वाली शर्ट पहना है। दोनों पैर में काला मोंजा पहना हुआ है। शव के कुछ दूरी पर क्रीम कलर का फुल पेंट, कत्थे रंग का अंडरवियर एवं नीले रंग का स्पोर्टस चड्डा पड़ा हुआ मिला है। जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक के शव का परीक्षण पश्चात मरच्युरी मे रखा गया है। पुलिस ने मृत अज्ञात पुरूष के संबध में जानकारी होने पर थाना लालबाग राजनांदगांव व पुलिस नियंत्रण कक्ष के दूरभाष क्रमांक क्रमशः 07744-286620 व 07744-286622 पर सूचना देने की अपील की है।

ठेला, खोमचा व्यवसायी संघ ने ज्ञापन सौंपा

जनधारा समाचार

राजनांदगाँव। आप नेता अजय मेश्राम, जयस सिंह के नेतृत्व में नया बस स्टैंड के ठेला खोमचा व्यवसायियों ने जिले के सांसद, जिलाधीश, नगर निगम आयुक्त, महापौर तथा एसडीएम समेत समस्त प्रशासनिक अधिकारियों को नया बस स्टैंड परिसर में ठेला, खोमचा यथावत रखने या दुकान आबंटित करने के लिए ज्ञापन सौंपा। संघ के हीरा लाल सेन ने कहा कि नया बस स्टैंड परिसर में सन् 2002 से बस स्टैंड के नव निर्वाण के समय से तत्कालीन कलेक्टर जीएस मिश्रा के आव्हान पर उक्त जगह पर दुकान संचालित कर अपने-अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं, किन्तु वर्तमान समय में नया बस स्टैंड परिसर को राज्य शासन द्वारा हाई टेक बनाया जा रहा है तथा हम लोगों को ठेला खोमचा हटाने कहा जा रहा है, यह दुर्भाग्यजनक है। अन्य व्यवसायी बालमुकुंद वर्मा ने कहा कि यदि ऐसा हुआ तो हम सभी व्यवसायी बेरोजगार व बेकार हो जायेंगे तथा हमारे परिवार को आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। हमारे छोटे-छोटे बच्चों के शिक्षा-दीक्षा पर भारी असर पड़ेगा। व्यवसायी बनवारी लाल शर्मा ने कहा कि विगत 15 वर्षों से समय-समय पर नगर निगम कार्यालय राजनांदगाँव में टैक्स पटाते आ रहे है। एक अन्य व्यवसायी सोमनाथ विश्वकर्मा ने कहा कि हम सभी बस स्टैंड के नव निर्वाण के समय से बड़े-बड़े गढ्ढों

और खोमचों में रहकर भारी मेहनत व घुटनों तक पानी में रहकर तत्कालीन कलेक्टर जीएस मिश्रा के आदेश का पालन कर नया बस स्टैंड को बसाने में अहम् भूमिका निभाई। लक्ष्मण यादव ने कहा कि आज हाई टेक बनाने के नाम पर हम सभी को हटने कहा जा रहा है। आप नेता अजय मेश्राम ने माँग की मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के अंतर्गत इन सभी व्यवसायियों को अपनी-अपनी जगह पर दुकान आबंटित कर न्याय दिलावें ताकि ये सभी अपने परिवार का पालन-पोषण और बेरोजगारी दूर कर सके। ज्ञापन देने वालो में मुख्य रूप से हीरालाल सेन, राजू सिंह, लक्ष्मण यादव, संजय गेडाम, तिहारु साहू, बालमुकुंद वर्मा, वनवारी शर्मा, फुलवा खान, सोमनाथ विश्वकर्मा, गगन गुप्ता, विनोद द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

सीनियर क्रिकेट ट्रायल 27 को

जनधारा समाचार

राजनांदगांव। जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनंदगांव द्वारा जिले की सीनियर टीम सीनियर के गठन हेतु दिनांक 27 नवंबर रविवार को कमला कॉलेज ग्राउंड में चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया है। खिलाड़ियों का चयन उनके प्रदर्शन के आधार पर एसोसिएशन द्वारा नियुक्त चयनकर्ताओं द्वारा चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया से खिलाड़ियों का चयन कर सघन प्रशिक्षण शिविर लगाया जावेगा। उक्त शिविर में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर चयन कर 15 सदस्य टीम का गठन किया जावेगा।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि जिले की सीनियर टीम शनिवार 01 दिसंबर से छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप में भाग लेगी। उक्त चैंपियनशिप कलर ड्रेस में व सफेद बाल मे खेली जाएगी तथा सभी मैच लीग आधार पर होंगे। राजनंदगांव के पुल मे अकाउंट जनरल दुर्ग व बीएसपी की टीम है। राजनांदगांव के सभी मैच बिलासपुर में खेले जाएंगे।

चयन प्रक्रिया में शामिल होने इच्छुक खिलाड़ी संपूर्ण क्रिकेट किट मे, छत्तीसगढ़ मूल निवास प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र तथा 3 वर्षों की अंकसूची की मूल प्रति के साथ 27 नवंबर को सुबह 9:00 बजे से कमला कॉलेज ग्राउंड में उपस्थित होकर पंजीयन करा सकता है। क्रिकेट की सफेद ड्रेस तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ नहीं आने वाले खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा।

राज्य महिला आयोग की सदस्यों ने की प्रकरणों की सुनवाई

जनधारा समाचार

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. रेखा मेश्राम एवं श्रीमती ममता साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष राजनांदगांव में जिले से प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई की।

इस दौरान 17 प्रकरणों के 14 आवेदक उपस्थित हुए, जिसमें से 2 प्रकरणों को नस्तीबद्ध किया गया। आज सुनवाई किये गये प्रकरणों में घरेलु हिंसा, पारिवारिक विवाद, जमीन संबंधी एक अन्य प्रताड़ना के साथ महिला समूह एवं मितानिन बहनों के प्रकरण शामिल थे। मानसिक प्रताड़ना के एक प्रकरण के अंतर्गत पेंशनधारी श्रीमती आर.डी. मिश्रा ने अन्यत्र रहने और समाज में अपने जैसी प्रताड़ित महिलाओं की सेवा और दान देने की बात कही। श्रीमती लक्ष्मी बघेल एवं अन्य प्रकरण के आवेदकों की अनुपस्थिति के कारण उक्त प्ररकण को अग्रिम कार्यवाही के लिए रखा गया।

सन चौंसठ के बाद पड़ा ऐसा सूखा

जनधारा समाचार

राजनांदगांव। 1964 के बाद ऐसा सूखा पहली बार पड़ा है। फसल पूरी तरह सूखी है। हमें यह चिंता है कि मवेशियों को क्या खिलाएँ। सूखा प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे करने केंद्र सरकार से आई टीम जहाँ भी पहुँची, वहाँ किसानों ने सूखे को लेकर अपनी तकलीफ बयान की। किसानों ने बताया कि गाँव में पेयजल स्तर भी तेजी से घट रहा है और आशंका है कि फरवरी माह के बाद से पानी की समस्या विकराल रूप ले लेगी। किसानों ने बताया कि वर्षा कम होने और अनियमित होने की वजह से उम्मीद जितनी भी फसल नहीं आ पाई और खेत सूखे रह गए। टीम ने छुरिया, डोंगरगांव, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ तथा खैरागढ़ ब्लाक के गाँवों का दौरा किया। उन्होंने खेतों में फसल की स्थिति देखी। अधिकारियों ने बताया कि नजरी आकलन से भी काफी कम फसल आई। बजरंगपुर में एक किसान के खेत में फसल कटाई प्रयोग के बारे में अधिकारियों ने

सूखा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे केंद्रीय दल को किसानों ने दी सूखे की स्थिति की जानकारी

बताया कि यहाँ मात्र 1.7 क्विंटल प्रति हेक्टेयर फसल आई। केंद्रीय दल में नीति आयोग के उप सलाहकार मानस चौधरी एवं जीआर जरगरए सीनियर कंसल्टेंट, पेयजल संसाधन मंत्रालय तथा एफसीआई के डीजीएम सुभाष कुमार शामिल थे।

आयोग के सदस्यों को कलेक्टर भीम सिंह ने जिले में सूखे की स्थिति के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जिले में एक लाख 78 हजार किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जुड़े हैं। फसल कटाई प्रयोग के पश्चात मई महीने में किसानों को बीमा का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि हर गाँव में मनरेगा योजना के अंतर्गत काम आरंभ करने के निर्देश जनपद सीईओ को दिए गए हैं। सभी सीईओ को कहा गया है कि पाँच बड़े काम एवं 15 छोटे काम स्वीकृत रखें ताकि ग्रामीण क्षेत्र में काम में किसी तरह की दिक्कत न हो। जिले की हर तहसील में 20 हेक्टेयर जमीन नैपियर घास के लिए चिन्हांकित की गई है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि गर्मी में पेयजल की समस्या नहीं होने दी जाएगी। इस संबंध में कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। केंद्रीय दल ने सिंचाई स्रोतों की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि जलाशयों में भी पानी का स्तर काफी कम हो गया है। इसे निस्तारी के लिए रखा गया है। केंद्रीय दल ने मासूल जलाशय का निरीक्षण किया। जलाशय में पानी डेड स्टोरेज से थोड़ा ही ऊपर है।

इस दौरान संचालक आयुक्त भू-अभिलेख रमेश शर्मा, अपर कलेक्टर जे.के. ध्रुव एवं संयुक्त कलेक्टर सुश्री रेणुका श्रीवास्तव भी उपस्थित थीं। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जहाँ संभव है वहाँ जलाशयों के पानी का उपयोग निस्तारी तालाबों के भरने के लिए भी किया जाएगा।

प्रतिस्पर्धा देती है आगे बढ़ने की प्रेरणा : कुलबीर

जनधारा समाचार

राजनांदगांव। ग्राम मनकी में क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन न्यू साऊथ क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामवासियों

के तत्वावधान में किया गया। इस आयोजन के समापण अवसर पर पहुंचे मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य व वार्ड क्रमांक 24 के पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा, समाजसेवी शशिकांत अवस्थी उपस्थित रहे। यहां आयोजन समिति के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। श्री छाबड़ने आयोजन स्थल को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों के लिए जीत एक महत्वपूर्ण विषय हो जाता है। हर खिलाड़ी अपना खेल का अच्छा प्रदर्शन कर अपनी टीम के प्रति काफी सजग व गांव का नाम रौशन करने का पूरा प्रयास करते हैं। भले ही यह अलग बात है कि खेल के मैदान में हार-जीत तो लगा ही रहता है। यहां अच्छी बात यह है कि हारने वाला टीम अपने कमजोरियों को पकड़ते हैं और वही हार उन्हें आगे जीत हासिल करने को प्रेरणा देती है। आयोजन समिति का भी खिलाड़ियों के अंदर छुपे प्रतिभा को आगे लाने का प्रयास भी काफी सराहनीय है। उन्होंने इस अवसर पर आयोजन समिति के सभी सदस्यों व विजेता टीमों को बधाई भी दी। विजेता टीमों को अतिथियों के द्वारा मेडल व सम्मान की राशि भी भेंट की गई।